राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

F.6-B(1) /Exam-B /SI-PC 2021/Re-Exam/2020-21/336 दिनांक – 08.05.2026

प्रेस–नोट

राज्य सरकार की अनुशंसा दिनांक 06–05–2026 के क्रम में "उप निरीक्षक पुलिस/प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा, 2021" के पदो हेतु आयोग द्वारा पूर्व में वर्ष 2021 में आयोजित भर्ती प्रक्रिया को पूर्णतया निरस्त करते हुए उक्त परीक्षा को भर्ती विज्ञापन दिनांक 03–02–2021 एवं शुद्धि पत्र दिनांक 07.06.2021 के अन्तर्गत पुनः आयोजित करवाये जाने का निर्णय लिया गया है।

पुनः आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा में केवल उन 383097 अभ्यर्थियों को सम्मिलित किया जायेगा जो उक्त पदों हेतु पूर्व में आयोजित लिखित परीक्षा के दोनों प्रश्न पत्रों में सम्मिलित हुए थे।

भर्ती परीक्षा उक्त पदों हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 03.02.2021 में वर्णित शर्तों के अनुसार ही आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों की पात्रता का निर्धारण उनके तत्कालीन स्टेटस (यथा आयु, आरक्षण, शैक्षणिक योग्यता आदि) के आधार पर ही किया जायेगा तथा इनमें किसी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

पुनः आयोजित की जाने वाली परीक्षा हेतु उक्त 383097 अभ्यर्थियों को अपने पूर्व में किये गये आवेदन पत्र में आवश्यक अपडेट करने के लिए दिनांक 16–05–2026 से 30–05–2026 तक का अवसर प्रदान किया जा रहा है। अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र में निम्नलिखित प्रविष्टियों में ही संशोधन अनुमत होगा :–

1- Mobile Number
2- Email Address
3- Correspondence Address
4- Live Photo
5- Thumb Impression
6- Signature

उक्त संशोधन करने से पूर्व अभ्यर्थी को अपने OTR में KYC (यदि अब तक नहीं की गई है) करना होगा।

अभ्यर्थी अपने आवेदन में उक्त संशोधन निम्नानुसार कर सकते हैं :–

- **यदि अभ्यर्थी द्वारा OTR में KYC प्रक्रिया पूर्ण है:–** अभ्यर्थी SSO में लॉगिन पश्चात् सीधे ही My Recruitment > Edit Application/ Withdraw Application सेक्शन में SI-2021 भर्ती के सम्मुख उपलब्ध एडिट बटन पर क्लिक कर अपने आवेदन में उपरोक्त अनुमत संशोधन कर सकता है।
- **यदि अभ्यर्थी द्वारा OTR में KYC प्रक्रिया अपूर्ण है:–** अभ्यर्थी ने जिस एस.एस.ओ आई डी से SI 2021 हेतु आवेदन किया था, उसमें Recruitment Portal एप्लिकेशन पर जाकर KYC की प्रक्रिया सम्पादित करते हुए OTR पूर्ण करने के पश्चात My Recruitment > Edit Application/ Withdraw Application सेक्शन में SI-2021 भर्ती

के सम्मुख उपलब्ध एडिट बटन पर क्लिक कर अपने आवेदन में उक्त अनुमत संशोधन कर सकता है।

- **अभ्यर्थी ने यदि अपना OTR किसी अन्य SSO ID में माइग्रेट कर लिया है** तो अभ्यर्थी नवीनतम SSO ID से उपरोक्त वर्णित प्रक्रियानुसार स्वयं के आवेदन पत्र में संशोधन कर सकता है। यदि नवीनतम SSO/OTR में SI-2021 का आवेदन उपलब्ध नहीं है तो अभ्यर्थी अपने OTR में ही उपलब्ध Fetch Application Form ऑप्शन का उपयोग कर आवेदन को तत्कालीन SSO ID (पुरानी SSO ID जिससे आवेदन किया था का विवरण आवेदन पत्र पर मुद्रित है) से नवीन SSO/OTR में स्थानांतरित कर सकता है।

अभ्यर्थी द्वारा OTR में सेव लाईव फोटो, हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशानी आवेदन में स्वतः ही OTR से फैच हो जायेंगे। शेष प्रविष्टियां (मोबाईल नम्बर, ई–मेल एवं पत्राचार का पता) अभ्यर्थी उपरोक्त वर्णित प्रक्रियानुसार स्वयं संशोधित करना सुनिश्चित करेंगे।

यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रविष्टि में संशोधन नहीं किया जाना हो तो भी वह आवेदन पत्र को Edit mode में उक्तानुसार खोल कर नियमानुसार स्वघोषणा करेगा – ''मेरे द्वारा आवेदन पत्र में मोबाईल नम्बर, ई–मेल एवं पत्राचार के पते में संशोधन कर लिया गया है अथवा संशोधन की आवश्यकता नहीं है। साथ ही आवेदन में OTR में प्रयुक्त लाईव फोटो, हस्ताक्षर तथा अंगूठा निशानी के प्रयोग हेतु सहमति प्रदान की जाती है।''

इसके उपरान्त ही फाईनल Submit बटन पर क्लिक कर OTP से सत्यापन पश्चात् आवेदन Submit करना होगा। **जो अभ्यर्थी इस प्रक्रिया को पूरा नहीं करेंगे, उनका आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं उन्हें परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र भी जारी नहीं किया जायेगा एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।**

उक्त के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का संशोधन अनुमत नहीं होगा एवं अभ्यर्थियों की आयु, आरक्षण, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य मूल प्रविष्टियां यथावत रहेंगी।

उक्त परीक्षा का आयोजन माह सितम्बर, 2026 में किया जाना संभावित है।

अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे इस संबंध में समय–समय पर आयोग की वेबसाइट एवं Recruitment Portal का अवलोकन करते रहें।

(रामनिवास मेहता)
सचिव